दिनांक : 12.04.2026 **समय : 02.10pm**

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल

दोपहर समाचार

प्रधानमंत्री–महिला आरक्षण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिला आरक्षण कानून पर सच्ची भावना के साथ अमल करने का समय आ गया है ताकि 2029 से लोकसभा और विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के साथ हों। लोकसभा और राज्यसभा में सदन के नेताओं को लिखे पत्र में श्री मोदी ने सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि वे महिला आरक्षण कानून में संशोधन के मुद्दे पर एकजुट हों। इस कानून को नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नाम दिया गया है।

अमरीका, ईरान वार्ता

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में अमरीका और ईरान के बीच लगभग 21 घंटे तक चली वार्ता, बिना किसी समझौते के समाप्त हो गई है। अमरीका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने बताया कि बातचीत में कोई समझौता नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि मुख्य मतभेद, ईरान से परमाणु हथियार न बनाने की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को लेकर है। श्री वेन्स ने कहा कि अमरीका ने ईरान के समक्ष अंतिम प्रस्ताव रखा है और अब ईरान की प्रतिक्रिया का इंतजार है।

लाड़ली बहना योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अब से कुछ ही देर में सीहोर जिले के आष्टा से प्रदेश की सवा करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपये की राशि अंतरित करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सीहोर जिले की बहनों को भी 35 करोड़ रुपये से अधिक की सौगात देंगे। डॉ. यादव आष्टा क्षेत्र को 184 करोड़ रुपये की लागत वाले विकास कार्यों की सौगात भी देंगे, जिसमें कई नए भवनों, पुलों और स्वास्थ्य केंद्रों का लोकार्पण और भूमिपूजन शामिल है।

आशा भोसले–निधन

प्रख्यात गायिका और पद्म विभूषण से सम्मानित आशा भोसले का आज मुंबई में 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कल शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में होगा। आशा भोसले को सीने में संक्रमण और कमजोरी के कारण कल शाम मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

कूनो नेशनल पार्क–शावक

कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता 'गामिनी' की बेटी 'केजीपी–12' ने चार स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस उपलब्धि को प्रदेश के पर्यावरण की बड़ी सफलता बताया है। इन नए शावकों के आगमन के साथ ही प्रदेश में अब चीतों की कुल संख्या बढ़कर 57 हो गई है।

मौसम

प्रदेश में गर्मी ने अब अपने तीखे तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश के तापमान में 4 से 6 डिग्री सेल्सियस तक की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 40.6 डिग्री तापमान के साथ रतलाम प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जबकि उज्जैन, इंदौर और भोपाल में भी पारा 37 डिग्री के पार पहुँच गया

है।मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। विभाग ने दोपहर के समय धूप में निकलने से बचने और पर्याप्त पानी पीकर खुद को हाइड्रेट रखने की सलाह दी है।

समाचार संक्षेप में :–

- आगरमालवा जिले के कानड़ में कल महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती के अवसर पर माली समाज द्वारा एक चल समारोह निकाला गया और उनके सामाजिक सुधारों और शिक्षा के क्षैत्र में दिये गये योगदान को याद किया गया।
- शिवपुरी जिले के कोलारस जनपद पंचायत प्रांगण में कल डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।
  और
- डिंडोरी जिले के बजाग तहसील अंतर्गत किकरा तालाब गांव के समीप कल रात एक तेज रफ्तार ट्राला कैप्सूल वाहन की चपेट में आने से 5 लोगों की दुखद मृत्यु हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया।

....